# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 21.06.2025

राज्य निर्वाचन आयोग,पंचायत उप निर्वाचन 2025 के अंतर्गत राज्य के 38 जिलों में विभिन्न कारणों से रिक्त सभी पदों हेतु 09.07.2025 को मतदान तथा दिनांक 11.07.2025 को मतगणना सम्पन्न कराये जायेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग,बिहार उतरदायित्वपूर्ण व सहभागिता के साथ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पंचायत उप निर्वाचन 2025 के लिए जारी चुनावी प्रक्रम के अंतर्गत कुल छः पदों हेतु नाम निर्देशन पत्र/नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20.06.2025 निर्धारित की गई थी तदोपरांत पदवार कुल 2896 निर्देशन पत्र/नामांकन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें पुरूष 1446 एवं महिला 1450 अभ्यर्थी शामिल हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी किये जाने तक पदवार प्राप्त नामांकन पत्रों/नामांकन पत्रों की विवरणी निमन्वत् हैः-

| क्र.सं. | पदवार विवरण | पदवार रिक्त पदों की संख्या | पदवार प्राप्त नामांकन पत्रों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पुरूष | महिला | कुल |
| 1. | जिला परिषद सदस्य | 08 | 12 | 24 | 36 |
| 2. | ग्राम पंचायत मुखिया | 63 | 171 | 180 | 351 |
| 3. | ग्राम कचहरी सरपंच | 83 | 197 | 100 | 297 |
| 4. | पंचायत समिति सदस्य | 72 | 90 | 130 | 220 |
| 5. | ग्राम पंचायत सदस्य | 839 | 518 | 485 | 1003 |
| 6. | ग्राम कचहरी पंच | 1569 | 458 | 531 | 989 |
| कुल | | 2634 | 1446 | 1450 | 2896 |

- निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों का नाम निर्देशन के उपरांत नामांकन पत्रों की संवीक्षा हेतु 21.06.2025 से 23.06.2025 तक की तिथि निर्धारित की गयी है।
- **आदर्श आचार संहिताः** पंचायत उप निर्वाचन 2025 से संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गये हैं, जो मतगणना के पश्चात विधिवत रूप से परिणाम घोषणा होने तक लागू रहेंगे।
- **आयोग की वेबसाईट पर निर्वाचन से संबंधित दिशा-निर्देश उपलब्धः** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के अवसर पर निर्गत दिशा-निर्देशों और निर्वाचन प्रक्रिया के मानकों के अनुसार ही पंचायत उप निर्वाचन 2025 भी सम्पन्न कराया जायेगा। निर्वाचन संबंधित सभी अद्यतन दिशा- निर्देश आयोग के वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
- **अभ्यर्थी के लिए ऑनलाइन सुविधाः** कोई भी अभ्यर्थी आयोग के वेबसाइट पर जाकर अभ्यर्थी से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते है।
- **मतदाता के लिए ऑनलाईन सुविधाः** कोई भी मतदाता राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाईट www.sec.bihar.gov.in पर जाकर निर्वाचक सूची में अपना नाम, मतदान केन्द्र का पता, मतदान का कार्यक्रम एवं अपने क्षेत्र के अभ्यर्थियों से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

- **टोल फ्री नंबर की सेवाः** इसके अलावा कोई भी व्यक्ति मतदाता/अभ्यर्थी आयोग में संचालित कॉल सेंटर कोषांग के टोल फ्री नंबर- **1800-3457-243** पर कॉल करके निर्वाचन संबंधी सूचना, सुझाव या शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

**संयुक्त निर्वाचन आयुक्त**
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार